**स्टार्टअप कॉन्क्लेव** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने की घोषणा, CM योगी बोले-यूपी ग्लोबल टेक व इनोवेशन का हब बन रहा

# 'यूपी को मिलेगा बायोटेक्नॉलजी इंडस्ट्री पार्क'

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

यूपी को जल्द ही साइंस म्यूजियम और बायोटेक्नॉलजी इंडस्ट्री पार्क की सौगात मिलेगी। इसके साथ ही द काउंसिल ऑफ साइंटिफिक ऐंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (CSIR) की लखनऊ स्थित चारों लैब शहर के सभी शैक्षिक संस्थानों से समन्वय कर एक क्लस्टर विकसित करेंगी। इस क्लस्टर से स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत किया जा सकेगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को नैशनल बॉटनिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट (NBRI) में चल रहे स्टार्टअप कॉन्क्लेव के समापन सत्र में ये घोषणाएं कीं। उन्होंने परिवेश व सीएम योगी की सक्रियता की तारीफ करते हुए कहा कि यूपी में अब काम करना आसान हो गया है।

## फियरलेस बिजनेस का सेंटर बना यूपी : योगी



NBT

NBRI में सोमवार को केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्किन केयर बायोसीरम लॉन्च किया।

**17** हजार स्टार्टअप हैं यूपी में | **08** यूनिकॉर्न हैं इनमें से

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की अगुआई में पिछले 11 साल में हुए प्रयासों के कारण यूएस और यूके बाद स्टार्टअप में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर आ चुका है। यूपी भी इस प्रगति में अपना योगदान दे रहा है। बेहतर कानून-व्यवस्था से प्रदेश फियरलेस, ट्रस्ट व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का केंद्र बना है। यूपी ग्लोबल टेक व इनोवेशन का हब बन रहा है। हम केवल नीति नहीं बना रहे, बल्कि हर युवा, उद्यमी व वैज्ञानिक के सपनों को पंख दे रहे हैं। सरकार हर स्टार्टअप के साथ खड़ी है। स्टार्टअप कॉन्क्लेव की थीम है, 'हर शोध उत्पाद के लिए हो, हर उत्पाद उद्योग बने और हर उद्योग विकसित भारत की ताकत बने'। विकसित यूपी 2047 की भी यही सोच है। इस लक्ष्य के लिए हर जिले को विकसित बनाना होगा, जिसकी राह रिसर्च, इनोवेशन और इंडस्ट्री से होकर जाती है। योगी ने कहा कि जहां हम प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क बना रहे हैं, वहीं आईआईटी कानपुर के साथ मेडी-टेक का सेंटर ऑफ एक्सिलेंस भी स्थापित कर रहे हैं। ▸▸ पेज 4